Project for Holistic Approach to Cerebral Management in RIMS Imphal

576. SHRI W. ANGOU SINGH: Will the Minister of SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT be pleased to state:

(a) whether Government have received an application for opening a project for Holistic Approach to cerebral Palsy Management by the Department of Physical Medicine and Rehabilitation (Regional Rehabilitation Centre) of the Regional Institute of Medical Science, Imphal, Manipur;

(b) whether Government are aware that no such centre is there in the North-Eastern Region; and

(c) if so, the steps taken to open the project in the RIMS for the North-Eastern Region?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT (SMT. MANEKA GANDHI): (a) and (b) Yes, Sir.

(c) Government has already written to State Government and Institute during July' 1997 in this behalf and response is awaited.

गुजरात में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सामाजिक प्रसूति सेवा योजना

577. **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ल:** क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता** राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार गुजरात में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सामाजिक प्रसूति सेवा योजना को कार्यान्वित कर रही है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान राज्य में इस योजना के अंतर्गत वर्ष-वार और जिला-वार कितनी महिलाएं/पुरुष लाभान्वित हुए हैं; और

(घ) राज्य में इस योजना के कार्यान्वयन हेतु राज्य सरकार द्वारा कितनी सहायता प्रदान की जा रही है?

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्रीमती मेनका गांधी): (क) से (ग) गुजरात राज्य में दिनांक 15.8.1995 से राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम का एक घटक, राष्ट्रीय प्रसूति लाभ योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों के दौरान जिलावार वास्तविक तथा वित्तीय प्रगति संलग्न विवरण में दी गई है। (विवरण 1 से 3 नीचे देखिये)

(घ) राष्ट्रीय प्रसूति लाभ योजना एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना है। इसमें राज्य का कोई हिस्सा नहीं है। इस योजना के अंतर्गत प्रथम दो जीवित संतानों तक गरीबी की रेखा से नीचे रह रहीं गर्भवती महिलाओं को 300.00 रुपए की धनराशि प्रदान की जाती है।

विवरण-I

वर्ष 1995-96 के लिए एन०एस०एप०पी० के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रसूति लाभ योजना की प्रगति

राज्य का नाम: गुजरात (रुपये लाख में)

क्र सं०	जिले का नाम	आबंटन	निर्मुक्ति	सूचित व्यय	लाभार्थी (महिलाएं)
1.	अहमदाबाद	27.92	13.19	0.00	0
2.	अमरेली	7.09	3.67	0.00	0
3.	बानसकंथा	12.48	6.14	0.00	0
4.	बहरूच	11.42	5.65	0.00	0
5.	भावनगर	13.25	6.50	0.00	0
6.	दंगशहवा	0.9	0.83	0.00	0
7.	गांधीनगर	2.47	1.55	0.00	0
8.	गोधरा (पंच महल)	16.96	8.19	0.00	0
9.	जामनगर	8.93	4.51	0.00	0
10.	जूनागढ़	13.86	6.77	0.00	0
11.	कच्छ	7.16	3.70	0.00	0
12.	खेड़ा	19.84	9.51	0.00	0
13.	मेहसाना	16.84	8.14	0.00	0